### एक नजर में

## भाजपा का आजीवन समर्पण निधि एकत्रीकरण अभियान



**इंदौर**. पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि को भाजपा समर्पण दिवस के रूप में मनाती है, उसी दिन से आजीवन समर्पण निधि अभियान प्रारंभ होता है, पार्टी के नेता और कार्यकर्ता संगठन के सशक्तिकरण के लिए धन संग्रहण का अभियान प्रारंभ करते हैं. यह अभियान 28 फरवरी तक चलेगा। इस अभियान के निमित आज भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक व अभियान नगर प्रभारी गोलू शुक्ला, सह प्रभारी हरप्रीत सिंह बक्शी, मुकेश मंगल विभिन्न नेताओं के निवास पहुंचकर आजीवन समर्पण निधि एकत्रीकरण कार्य कर रहे हैं. इसी क्रम में आज भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक व अभियान नगर प्रभारी गोलू शुक्ला, सह प्रभारी हरप्रीत सिंह बक्शी, मुकेश मंगल, मंडल अध्यक्ष नीतेश जैन पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के निवास पहुंचे, श्रीमती महाजन ने समर्पण निधि का चेक नेताओं को भेंट किया. मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के निवास पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक शुक्ला, सह प्रभारी हरप्रीत सिंह, मुकेश मंगल, निगम सभापति मुन्नालाल यादव, मंडल अध्यक्ष पिंटू चौधरी पहुंचे, उन्होंने मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय से समर्पण निधि का चेक संग्रहित किया. सभी नेताओं ने उन्हें रसीद भेंट की. इसके पश्चात सांसद शंकर लालवानी के निवास पहुंचे वहां श्री लालवानी ने अपनी निधि का चेक नेताओं को दिया. महापौर पुष्यमित्र भार्गव के निवास पहुंचकर राशि चेक एकत्रीकरण किया.

## भोले का किया महाकाल स्वरूप में श्रृंगार



**इंदौर**. नवरतन बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया. प्रवीण जोशी ने बताया कि शिवालय में रूद्राभिषेक हुआ। भोलेनाथ को महाकाल के स्वरूप में सुंदर श्रृंगार किया गया. महाआरती के बाद शिवभक्तों में 5 किंवटल फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया गया. इस मौके पर राधा सुशील उपाध्याय, अर्चना ललित रुईया, रुचि गौरव चोखानी महेश पाल, ललित परदेशी विशेष रूप से उपस्थित थे.

## केंद्रीय बजट विशेष कार्यक्रम का आयोजन कल


**इंदौर**. देश के आगामी आर्थिक परिदृश्य को समझने एवं केंद्रीय बजट 2026-27 के विभिन्न आयामों पर चर्चा हेतु अनलॉकिंग केंद्रीय बजट 2026-27卐 विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन 18 फरवरी को दोपहर 12.20 बजे किया जाएगा. यह कार्यक्रम स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से जुड़े विद्वानों, उद्योग प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की सहभागिता से आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं के रूप में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहेंगे. सांसद शंकर लालवानी बजट के राष्ट्रीय विकास एवं जनहित से जुड़े पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त करेंगे. दिनेश बिसेन, अतिरिक्त आयुक्त, सेंट्रल जीएसटी, इंदौर एवं उज्जैन कर व्यवस्था, जीएसटी सुधार एवं व्यापारिक सुगमता से जुड़े बजट प्रावधानों की जानकारी देंगे. गौतम कोठारी अध्यक्ष पीथमपुर औद्योगिक संगठन उद्योग क्षेत्र पर बजट के प्रभाव, निवेश संभावनाओं एवं रोजगार सृजन के अवसरों पर अपने विचार साझा करेंगे. गौरव गोयल, एम/एस नाइस इंदौर व्यापारिक दृष्टिकोण से बजट के व्यावहारिक प्रभावों पर प्रकाश डालेंगे. कार्यक्रम में विशेष शैक्षणिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हुए प्रो. पी.एन. मिश्रा, पूर्व विभागाध्यक्ष, स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, डीएवीवी, इंदौर बजट के व्यापक आर्थिक प्रभावों का विश्लेषण करेंगे. कार्यक्रम के दौरान बजट के सामाजिक, औद्योगिक एवं शैक्षणिक प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। यह कार्यक्रम नीति, उद्योग एवं शिक्षा जगत के बीच संवाद का एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा.

## राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ



**गौतमपुरा**. देपालपुर विधानसभा के ग्राम पीरनलवासा में बजरंग क्लब द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला संघ अध्यक्ष राधेश्याम जी पटेल सम्मिलित हुए. आयोजकों व खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया प्रतियोगिता का पहला मैच ग्राम कुलाला की टीम( पटेल क्लब ) और पीरनलवासा की टीम ( बजरंग क्लब )की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें खिलाड़ियों ने अभूतपूर्व खेल कौशल का प्रदर्शन किया. खिलाड़ियों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए, आयोजक क्लब की मांग पर कार्यक्रम के दौरान राधेश्याम पटेल जी ने कबड्डी मेट देने की महत्वपूर्ण घोषणा की. इस दौरान श्री पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संसाधनों की कमी को दूर करना हमारी प्राथमिकता है, ताकि यहाँ के युवा भी मैट पर अभ्यास कर अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार हो सकें. इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन चौधरी ,पूर्व सरपंच मांगू सिंह जी ग्राम पंचायत कमेटी अध्यक्ष दरबार सिंह जी वरिष्ठनेता सुंदरलाल जी खटोड,निर्भयसिंह जी सोलंकी,राजपालसिंह सोलंकी व समस्त ग्रामवासी और खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

## घनश्याम दास महाराज की समाधि पर समर्पित की पुष्पांजलि



**इंदौर**. धार रोड स्थित प्राचीन आस्था केंद्र धरावरा धाम के संस्थापक साकेतवासी महंत घनश्याम दास महाराज की 17 वीं पुण्यतिथि के प्रसंग पर धरावरा धाम स्थित उनकी समाधि पर सैकड़ों स्नेहीजनों और भक्तों ने कतारबद्ध होकर पुष्पांजलि समर्पित की. शिवरात्रि के दिन ही वर्ष 2009 में हरि धाम आश्रम से निकली भगवान शिव पार्वती की शोभा यात्रा के समापन के दौरान अचानक हृदयाघात से महंत घनश्याम दास महाराज शिवलीन हो गए थे. उनकी पुण्यतिथि पर धरावरा धाम स्थित हनुमान मंदिर के सामने निर्मित उनकी समाधि पर पुष्पांजलि समर्पित करने के लिए रविवार को स्नेहीजनों का ताँता लगा रहा. आश्रम के महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में 22 फरवरी से होने वाले मानस सम्मेलन एवं भागवत ज्ञान यज्ञ के मुख्य यजमान नानूराम चौधरी के साथ आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए भक्तों ने महंतजी के सेवा कार्यों को याद करते हुए पुष्पांजलि समर्पित की. इस अवसर पर समाजसेवी ललित अग्रवाल, डॉ. सुरेश चोपड़ा, श्रीकांत शर्मा, अशोक कुमावत, सीताराम नरेडी, नारायण अग्रवाल 420 पापड़ वाले, गोपाल गोयल, विजय सिंह राणा सहित अनेक श्रद्धालुओं ने महंतजी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनसे जुड़े प्रेरक संस्मरण सुनाए. सभी भक्तों ने मानस सम्मेलन एवं भागवत ज्ञान को सफल एवं सार्थक बनाने का संकल्प व्यक्त किया.

# जेईई मेन परिणाम : इंदौर के रिद्धेश एमपी टॉपर

- 99.9 पर्सेंटाइल पाने वाले 14 से अधिक छात्र इंदौर के

**इंदौर**. एनटीए ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन-2026 के पहले सत्र का परिणाम सोमवार को घोषित किया. रिजल्ट से पहले दोपहर में फायनल आंसर की जारी की गई. इस बार प्रदेश से कोई भी छात्र 100 पर्सेंटाइल नहीं ला सका. लेकिन पहले सत्र के परिणाम में 99.9 पर्सेंटाइल पाने वाले छात्रों की संख्या 14 से अधिक है. रिद्धेश बेंडाले ने 99.9992186 पर्सेंटाइल प्राप्त कर ऑल इंडिया टॉपर्स में स्थान बनाया और प्रदेश के टॉपर रहे. उल्लेखनीय है कि एनटीए ने यह परीक्षा 21 से 24 जनवरी तथा 28 जनवरी 2026 के बीच देशभर में कंप्यूटर आधारित मोड में आयोजित की गई थी। इस सत्र में लगभग 13 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिससे प्रतिस्पर्धा का स्तर अत्यंत उच्च रहा. मध्यप्रदेश में सर्वाधिक 14 विद्यार्थियों ने 99.9+ पर्सेंटाइल अर्जित किए. इस सत्र के एमपी टॉपर रिद्धेश बेंडाले ने 99.9992186 पर्सेंटाइल प्राप्त कर ऑल इंडिया टॉपर्स में स्थान बनाया. रिद्धेश ने फिजिक्स एवं मैथ्स में 100 पर्सेंटाइल हासिल कर विशेष उपलब्धि दर्ज की.

**एलन इंदौर के 14 छात्र 99.9+ पर्सेंटाइल पर:** घोषित परिणामों में एलन इंदौर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया. मध्यप्रदेश में सर्वाधिक 14 विद्यार्थियों ने 99.9+ पर्सेंटाइल अर्जित किए. इस सत्र के एमपी टॉपर रिद्धेश बेंडाले ने 99.9992186 पर्सेंटाइल प्राप्त कर ऑल इंडिया टॉपर्स में स्थान बनाया. अन्य प्रमुख विद्यार्थियों में पार्थ माहेश्वरी, अक्षय गोयल, दक्ष जैन,

जय लोंगवानी, अन्वेश गामी, भोमिक पवार, अथर्व देशमुख, यज्ञम पाटीदार, तोषिर जैन, सुजल पटेल, शुभांग देशमुख, अर्नव सिसोदिया और आलेख जैन ने 99.9+ पर्सेंटाइल अर्जित. सेंटर हेड कपिल बिर्थरे ने सभी विद्यार्थियों को इस शानदार सफलता पर बधाई दी. एलन इंदौर के सेंटर हेड कमल शर्मा ने बताया कि संस्थान में विद्यार्थियों को सुव्यवस्थित शैक्षणिक योजना, सशक्त टेस्ट सीरीज़, गहन प्रदर्शन विश्लेषण एवं अनुभवी फैकल्टी के मार्गदर्शन से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाता है। जनवरी अटेम्प्ट के परिणाम इस बात का प्रमाण हैं कि यहाँ न केवल टॉप रैंकर्स तैयार हो रहे हैं, बल्कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उच्च पर्सेंटाइल प्राप्त कर संस्थान की समग्र शैक्षणिक गुणवत्ता को सिद्ध किया है.

### रिद्धेश बोले... प्रतिदिन 8 घंटे पढ़ता था



रिद्धेश बेंडले ने बताया कि वे मूलत: महाराष्ट्र के रहने वाले है और दो साल से इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं. रिद्धेश ने बताया कि 12वीं कक्षा में होते हुए उन्होंने जेईई मेन सेशन-1 की परीक्षा दी. इसमें उन्हें 99.99 पर्सेंटाइल हासिल हुए. रिद्धेश ने बताया मेरी सफॅलता में परिवार और फैकल्टी का बहुत बड़ा योगदान है. मेरी स्ट्रेटजी रही कि जो भी क्लास में पढ़ाया जाता उसका रिविजन जरुर करता था. पिछले सालों के टेस्ट पेपर भी सॉल्व किए. प्रतिदिन 8 घंटे पढ़ाई करता था. केमिस्ट्री मेरा वीक प्वाइंट था, जिसमें मेरे बनाए नोट्स ने बहुत मदद की. परिवार से दूर रहने के बाद फैकल्टी का भी मॉरल सपोर्ट मिला. पैरेंट्स से हर दिन बात करता, किसी तरह की परेशानी आने पर उनसे डिस्कस करता. मुझे उम्मीद थी कि अच्छा परिणाण आएगा लेकिन इतनी अच्छी रैंक आएगी सोचा नहीं था. मैं रिजल्ट से ज्यादा अपना बेस्ट देने पर यकीन रखता हूं.

### रिविजन पर ज्यादा दिया ध्यान : अक्षय



अक्षय गोयल को जेईई-मेन 2026 में 99.96 पर्सेंटाइल मिले हैं. अक्षय के पापा बिजनेस मेन और मम्मी हाउस वाइफ. पिछले वर्ष, कड़ी मेहनत के बावजूद, उन्हें मनपसंद ब्रांच नहीं मिली, जिससे उन्हें अपने सपनों के कॉलेज में प्रवेश नहीं मिल पाया. उन्होंने अपने सपनों को फिर से हासिल करने का संकल्प लिया. उन्होंने दोबारा जेईई-मेन 2026 की तैयारी की और एक उत्कृष्ट स्कोर प्राप्त किया. अक्षय ने बताया मैं तीन साल से तैयारी कर रहा हूं. इससे पहले पिछले साल 99.76 पर्सेंटाइल थे, उस समय मैंने जेईई एडवांस दिया था, लेकिन लगभग 5 हजार रैंक आई थी,जिस वजह से मुझे जिस ब्रांच में एडमिशन लेना था वह नहीं मिली. इस बार मैंने अपनी तैयारी को ओर अधिक पुख्ता किया। मैंने रिवीजन पर ज्यादा ध्यान दिया. अपनी पिछली गलतियों को सुधारते हुए जो टॉपिक कम पढ़े थे उसे पूरा किया.

### कभी सोशल मीडिया यूज नहीं किया : पार्थ



पार्थ माहेश्वरी ने 12वीं के साथ जेईई-मेन 2026 के अपने पहले प्रयास में 99.99 पर्सेंटाइल हासिल किया है. पार्थ ने बताया मैं अप्रैल सेशन भी दूंगा। मेरा पूरा फोकस एडवांस पर हैं. पार्थ ने कहा मैं प्रतिदिन 8 से 10 घंटे पढ़ाई करता था. तीन घंटे टेस्ट देता था. मेरा कमजोर विषय केमिस्ट्री था. मैथ्स और फिजिक्स के सवाल को बार-बार हल करता. इस दौरान मैंने सोश्यल मीडिया कभी यूज नहीं किया. मैंने कभी भी अपनी पढ़ाई और हॉबी के बीच में किसी भी तरह का सेक्रिफाइज नहीं किया. चाहे फैमली फंक्शन हो या फिर किसी अन्य आयोजन को अटेंड करना हो मेरी सभी में सहभागिता रहती थी, लेकिन मैंने अपनी पढ़ाई को कभी डिस्टर्ब नहीं होने दिया. पापा इंजीनियर है और मम्मी हाउस वाइफ है समय-समय पर उनका भी मार्गदर्शन मिलता रहा.

## खाटू श्याम भक्तों का फाग महोत्सव 22 को

**इंदौर**. शहर के खाटू श्याम भक्तों द्वारा वृहद फाग महोत्सव की तैयारियां जारी हैं। श्री श्याम मंडल द्वारा एमआर 10 रोड स्थित दिव्य शक्ति पीठ पर 22 फरवरी को श्री श्याम फाग महोत्सव का दिव्य आयोजन होगा जिसमें कोलकाता के प्रख्यात भजन गायक जयशंकर चौधरी बनवारी और उनकी टीम के साथी अपने भजनों की गंगा बहाएँगे. आयोजन में शहर के सभी प्रमुख श्याम भक्त मंडल भागीदार बनेंगे. गिरधर महल के संचालक प्रद्युम्न सिंघल प्रमुख यजमान मनोनीत किए गए हैं. इस मौके पर श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाकर पावन ज्योत, 56 भोग, इत्र वर्षा, फूलों के श्रृंगार के साथ ही ढप चंग का धमाल भी होगा. संगठन के प्रमुख बाबूलाल अग्रवाल, नरसिंह लाल भौमिया एवं पुष्कर शर्मा ने बताया कि कोलकाता के प्रख्यात भजन गायक जयशंकर चौधरी बनवारी और उनकी टीम के साथी 22 फरवरी को शाम 6.15 बजे से इस फाग महोत्सव में अपने रंगबिरंगे फाग भजनों की फुहारें बिखेरकर शहरभर के श्याम भक्तों को अपने रंग में रंगेंगे. श्री श्याम मंडल की स्थापना 10 वर्ष पूर्व तब हुई थी जब शहर में खाटू श्याम भजन मंडलों की संख्या अँगुलियों पर गिनी जा सकती थी. ताऊजी के नाम से प्रख्यात रहे स्व. निरंजनलाल शर्मा एवं स्व. प्रह्लादराय इंदौरिया ने मिलकर इस मंडल की स्थापना की थी.

# पुलिस कमिश्नर ने ली सुपरविजन अधिकारियों की बैठक

- बेहतर पुलिसिंग व कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने के दिए निर्देश
- सामुदायिक पुलिसिंग को और व्यापक करने पर दिया जोर

**इंदौर**. शहर में अपराधों पर नियंत्रण, पुलिस की कार्यप्रणाली को बेहतर करने तथा उसमें और कसावट लाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह द्वारा पुलिस के सुपर विजन अधिकारियों की बैठक ली. बैठक में अति. पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) अमित सिंह, अति. पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) आरके सिंह सहित नगरीय क्षेत्र के सभी पुलिस उपायुक्त, सभी अति. पुलिस उपायुक्त, व सभी सहायक पुलिस आयुक्त उपस्थित रहे.

बैठक के दौरान पुलिस कमिश्नर ने विशेषकर, एडीशनल डीसीपी और एसीपी की कार्यप्रणाली तथा न्यायलयीन कार्यवाही के संबंध में चर्चा करते हुए, शहर में बेहतर पुलिसिंग के लिए सभी सुपरविजन अधिकारियों को निर्देश दिए कि बदमाशों, असामाजिक तत्वों व आदतन अपराधियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक और बाउंड ओवर की कार्रवाई निरंतर करने और लगातार मॉनिटरिंग की जाए. पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत विभिन्न न्यायालयों के कार्यो की लगातार समीक्षा की जाए तथा कार्यप्रणाली को और बेहतर व किस प्रकार किया जाए, इस दिशा में प्रयास किए जाएं.

उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में आपराधिक व असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर निगरानी के लिए रात्रि में प्रभावी व सघन चैकिंग की जाए. वरिष्ठ अधिकारी भी समय समय पर इसकी मॉनिटरिंग व ब्रीफिंग करें. साथ ही क्षेत्र में असामाजिक तत्वों व बदमाशों के हॉट स्पॉट व शैडो एरिया पर भी कड़ी निगरानी व चेंकिंग के साथ ही ड्रोन पेट्रोलिंग से भी अवैधानिक गतिविधियों पर नजर रखी जाए.

**बगैर अनुमति आयोजन करने वालों पर कार्रवाई करें:** पुलिस कमिश्नर ने आमजन के हितों व यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शहर में होने वाले विभिन्न आयोजन रैली/जुलूस आदि के दौरान पुलिस व्यवस्था तथा उसकी अनुमतियां आयोजकों द्वारा आवश्यक रूप से ली गयी हैं, ये सुनिश्चित कर लें तथा अनुमति के दौरान दी गयी शर्तो का पालन हो रहा है या नहीं ये भी ध्यान रखा जाए. आमजन की शिकायतों व समस्याओं पर विधिवत त्वरित समाधान के हरसंभव प्रयास किए जाएं.

### सामूदायिक पुलिसिंग पर दिया जोर

संतोष कुमार सिंह ने क्षेत्र में सुरक्षा व और कड़ी निगरानी के लिए नागरिक भागीदारी से सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए आगे आएं, इसके लिये आमजन को प्रेरित किया जाए. उन्होंने अपराधों के अनुसंधान में सीसीटीएनएस के अंतर्गत की जाने वाली कार्रवाई, ई-साक्ष्य, ई-विवेचना, ई-समंस/वारंट आदि को और बेहतर करने के निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आमजन की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से मोहल्ला समितियों के साथ लगातार बैठकें आयोजित कर उनकी समस्याओं व सुझावों पर कार्रवाई करने पर भी जोर दिया।

# मराठी सोशल ग्रुप द्वारा वाटर कूलर का लोकार्पण




**इंदौर. मराठी सोशल ग्रुप ट्रस्ट द्वारा उनके सालाना आयोजन जत्रा से होने वाली आय से शासकीय मल्हाराश्रम विद्यालय रामबाग इन्दौर में छात्रों की मेस में एक 150 लीटर क्षमता का वाटर कुलर लगवाया गया.**

संस्था के सुधीर दांडेकर और राजेश शाह ने बताया कि जत्रा के आयोजन से होने वाली आय को शुद्ध रूप से समाज सेवा, जन सेवा हेतु उपयोग किया जाता है. तृप्ति महाजन ने बताया कि इसके पूर्व भी संस्था द्वारा विभिन्न शासकीय कन्या विद्यालय में सेनेटरी नेपकिन डिस्ट्रॉयर मशीन, खेल कुद की सामग्री, वाटर कुलर आदि दिए गए है. कार्यक्रम में विद्यालय के स्टाफ के अलावा स्थानीय पार्षद सुरेश जी टाकळकर, झोनल अधिकारी राज ठाकुर, समाजसेवी मोनिका सबनीस, दिनेश शिंत्रे, छात्र छात्राएं उपस्थित थी. विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र कुमार रामिश, सह प्राचार्या रेखा नाहर ने मराठी सोशल ग्रुप के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया.

# जीवन की बुराइयां शिव पर अर्पण करना सच्ची शिवरात्रि मनाना



**इंदौर.** ब्रह्माकुमारीज के शिवशक्ति सरोवर रिट्रीट सेंटर मोरोदहाट इंदौर में धूम धाम से 90वां शिव जयंती महोत्सव ( शिवरात्रि ) मनाया गया. इसमें विशेष रूप से आध्यात्मिक मेले का आयोजन किया गया. जिसमें आकर्षण का मुख्य केंद्र बना फूलो से बना विशाल शिवलिंग एवं साथ ही बारहज्योतिर्लिंगम एवं शहस्त्र शिवलिंग की मनोरम झांकी. इसका अवलोकन करने बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे.

मप्र एवं छत्तीसगढ़ की जोनल इंचार्ज राजयोगिनी बीके आरती दीदी ने कहा कि शिव पर कांटों के समान चुभने वाली बातें अर्पित कर दें. हम दुनिया में देखते हैं कि दान की गई वस्तु वापस नहीं ली जाती है, इसी तरह परमात्मा पर आज के दिन अपने जीवन की कोई एक बुराई जो हमें आगे बढने से रोक रही है, सफलता में बाधक है उसे शिव को सौंपकर मुक्त हो जाएं. जस्टिस बीडी राठी ने कहा कि यह पर्व सभी पर्वों में महान और श्रेष्ठ है, क्योंकि शिवरात्रि परमात्मा के दिव्य अवतरण का यादगार महापर्व है. समाजसेवी सुरेश गुप्ता ने कहा कि परमात्मा ज्योतिर्बिंदु स्वरूप है भारत में 12 ज्योतिर्लिंग प्रसिद्ध हैं और गली-गली में शिवालय बने हुए हैं. इससे स्पष्ट होता है कि वह परमपिता परमात्मा कभी इस सृष्टि पर आएं हैं और विश्व कल्याण का कार्य किया है, तभी तो हम उन्हें याद करते हैं. आरती दीद ने सभी से बुराइयों को छोड़ दिव्य गुणों को अपनाने के लिए प्रतिज्ञा भी करवाई एवं शिव ध्वजारोहण किया गया. संचालन बीके आशा बहन ने किया.

# बरलाई शुगर फैक्ट्री को लेकर किसानों का आंदोलन तेज

- प्रशासन पर दबाव बनाने के आरोप




**इंदौर.** बरलाई क्षेत्र में प्रस्तावित शुगर फैक्ट्री के खिलाफ प्रभावित किसानों का धरना-प्रदर्शन रविवार को तय समय से पहले ही शुरू हो गया. बड़ी संख्या में किसान फैक्ट्री परिसर पहुंचे और जमीन पर अधिकार, काम पर रोक व उचित मुआवजे की मांग को लेकर नारेबाजी की. इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने मंच से ऐलान किया कि पार्टी पूरी मजबूती से किसानों के साथ खड़ी है और आंदोलन को हर स्तर पर उठाया जाएगा.

किसान नेता हंसराज मंडलोई ने प्रेस विज्ञप्ति के जरिए आरोप लगाया कि प्रशासन और सरकार ने आंदोलन को कमजोर करने के लिए दबाव की रणनीति अपनाई. उनके अनुसार मंत्री समर्थकों ने जहां प्रशासन पर दबाव बनाया, वहीं किसानों को आंदोलन में शामिल होने से रोकने का प्रयास किया और प्रकरण बनाने की धमकियां दीं, फिर भी बड़ी संख्या में प्रभावित किसान धरने में पहुंचे. कांग्रेस नेताओं और किसानों ने इन हरकतों की कड़ी निंदा करते हुए परिणाम भुगतने की चेतावनी दी. जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने सरकार को चेताते हुए कहा कि मामला विधानसभा व लोकसभा में उठाया जाएगा और फरवरी में सांवेर, देपालपुर, मऊ व कलेक्टर कार्यालय पर चरणबद्ध प्रदर्शन होंगे. वहीं, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना सेठिया ने इसे किसानों के परिवार का सवाल बताते हुए संघर्ष जारी रखने का भरोसा दिलाया.

### ये हैं किसानों की प्रमुख मांगें...

प्रशासन को दिए ज्ञापन में किसानों ने फैक्ट्री का काम तत्काल रोकने, जमीन के बदले बाजार मूल्य से चार गुना भुगतान या अंशधारी किसानों की समिति बनाकर निर्णय लेने तथा हजारों पेड़ काटे जाने पर ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की. इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे.


## मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड

motilal oswal Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: मोतीलाल ओसवाल टॉवर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई-400025. ईमेल: hfquery@motilaloaswal.com. सीआईएन संख्या: U65923MH2013PLC248741

### ई-नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु 15 दिनों की ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के साथ पठित. एतद् द्वारा आम जनता और विशेष रूप से ऋणकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के पास बंधक रखी गई निम्नलिखित संपत्ति को 'जैसी है जहाँ है', 'जैसी है जो है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर 'ऑनलाइन ई-नीलामी' के माध्यम से बेचा जाएगा. बकाया राशि और अतिरिक्त ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए, जैसा कि नीचे SARFAESI अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित किया गया है. www.motilaloswalhf.com" पर नीचे दिए गए विवरण के अनुसार :-

**ई-नीलामी की तिथि और समय: 10-3-2026/सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक (प्रत्येक 15 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)**

| क्र. | उधारकर्ता/ गारंटर/ऋण खाता | मांग नोटिस तिथि और राशि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य, अग्रिम राशि और अग्रिम राशि जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **LAN: LXUJJ00416-170041549** **शाखा:** उज्जैन **ऋणकर्ता:** मनोहरलाल कन्हैयालाल पोरवाल **सह-ऋणकर्ता:** शशिकला मनोहरलाल पोरवाल | 25-05-2021 के लिए रुपये 679976/- (रु. छह लाख उन्यासी हजार नौ सौ छिहत्तर मात्र) | पीएच. नंबर - 32, गली नंबर - 05, मकान नंबर - 18/1, तिलखेड़ी, पिपलिया मंडी, मल्हारगढ़, मंदसौर, मध्य प्रदेश - 458001 | **आरक्षित मूल्य:** रु. 776798/- (रु. सात लाख छिहत्तर हजार सात सौ अन्ठानवे मात्र) **ईएमडी:** रुपये 77680/- (रु. सतहत्तर हजार छह सौ अस्सी मात्र) **ईएमडी जमा की अंतिम तिथि:** 09-03-2026 |
| 2. | **LAN: LXDEW00216-170041783** **शाखा:** देवास **ऋणकर्ता:** विकास सुरेश चंद्र दुबे **सह-ऋणकर्ता:** सुरेश माखनलाल चंद्र | 25-05-2021 के लिए रु. 395164/- (रु. तीन लाख पिंच्यानवे हजार एक सौ चौंसठ मात्र) | मकान संख्या - 90, वार्ड संख्या - 11, जैन मंदिर रोड, ग्राम मक्सी, परगना, शाजापुर, मध्य प्रदेश - 465106 | **आरक्षित मूल्य:** रु. 336283/- (रु. तीन लाख छत्तीस हजार दो सौ तिरासी मात्र) **ईएमडी:** रुपये 33628/- (रु. तैंतीस हजार छह सौ अट्ठाईस मात्र) **ईएमडी जमा की अंतिम तिथि:** 09-03-2026 |
| 3. | **LAN: LXPIT00117-180055342** **शाखा:** पीथमपुर **ऋणकर्ता:** हादर खान **सह-ऋणकर्ता:** जुबेदा खान | 11-05-2023 के लिए रुपये 270966/- (रु. दो लाख सत्तर हजार नौ सौ छियासठ मात्र) | प्लॉट संख्या 15, गली संख्या 4, कोकनी बाखल राजेंद्र मार्ग, धार, छत्रछाया धर्मसाला के अंदर, इंदौर, मध्य प्रदेश 454775 | **आरक्षित मूल्य:** रु. 228550/- (रु. दो लाख अट्ठाईस हजार पांच सौ पचास मात्र) **ईएमडी:** रुपये 22855/- (रु. बाइस हज़ार आठ सौ पचपन मात्र) **ईएमडी जमा की अंतिम तिथि:** 09-03-2026 |
| 4. | **LAN: LXIN200117-180062120** **शाखा:** इंदौर2 **ऋणकर्ता:** दीपक मुन्नालाल चौरसिया **सह-ऋणकर्ता:** मथुराबाई मुन्नालाल चौरसिया | 24-05-2019 के लिए रु. 550606/- (रु. पांच लाख पचास हजार छह सौ छह मात्र) | प्लॉट संख्या 15, न्यू राम नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश - 452001 | **आरक्षित मूल्य:** रु. 400000/- (रु. चार लाख मात्र) **ईएमडी:** रु. 40000/- (रु. चालीस हजार मात्र) **ईएमडी जमा की अंतिम तिथि:** 09-03-2026 |
| 5. | **LAN: LXUJJ00316-170047320** **शाखा:** उज्जैन **ऋणकर्ता:** प्रेम नारायण शर्मा **सह-ऋणकर्ता:** मधुबाला शर्मा | 09-06-2025 के लिए रुपये 576047/- (रु. पांच लाख छिहत्तर हजार सैंतालीस मात्र) | भूमि क्रमांक 640/1 640/1/1 और 641/1/1 ग्यारसी नगर ग्राम भिटारी तहसील एवं जिला उज्जैन 0 0 456001 उज्जैन मध्य प्रदेश | **आरक्षित मूल्य:** रु. 605274/- (रु. छह लाख पांच हजार दो सौ चौहत्तर मात्र) **ईएमडी:** रुपये 60527/- (रु. साठ हज़ार पाँच सौ सत्ताइस मात्र) **ईएमडी जमा की अंतिम तिथि:** 09-03-2026 |
| 6. | **LAN: LXIND00317-180065560** **शाखा:** इंदौर **ऋणकर्ता:** विष्णु बद्रीलाल चौहान **सह-ऋणकर्ता:** लक्ष्मी विष्णु चौहान | 25-05-2021 के लिए रुपये 779892/- (रु. सात लाख उन्यासी हजार आठ सौ बानवे मात्र) | मकान संख्या - 47, मकान संख्या - 16, सर्वे संख्या - 7/2/2, पटेल नगर, खजराना, इंदौर, मध्य प्रदेश - 452001 | **आरक्षित मूल्य:** रु. 893730/- (रु. आठ लाख तिरानवे हजार सात सौ तीस मात्र) **ईएमडी:** रुपये 89373/- (रु. नवासी हजार तीन सौ तिहेत्तर मात्र) **ईएमडी जमा की अंतिम तिथि:** 09-03-2026 |
| 7. | **LAN: LXMOINDO5523-240674713** **शाखा:** इंदौर **ऋणकर्ता:** पदम सिंह **सह-ऋणकर्ता:** मंजू राठौर | 15-05-2025 के लिए रु. 2943960/- (रु. उन्तीस लाख तिरतालीस हजार नौ सौ साठ मात्र) | फ्लैट संख्या 204, दूसरी मंजिल, जवाहर मार्ग, नरसिंह बाजार चौराहा, वार्ड संख्या 69, नरसिंह चौक के पास, इंदौर मध्य प्रदेश- 452002 | **आरक्षित मूल्य:** रु. 3035646/- (रु. तीस लाख पैंतीस हजार छह सौ छियालीस मात्र) **ईएमडी:** रुपये 303565/- (रु. तीन लाख तीन हजार पांच सौ पैंसठ मात्र) **ईएमडी जमा की अंतिम तिथि:** 09-03-2026 |
| 8. | **LAN: LXKHA00416-170023244** **शाखा:** खरगोन **ऋणकर्ता:** फारुख लतीफ खान **सह-ऋणकर्ता:** फरीदा बी फारुख खान | 23-12-2020 के लिए रु. 539438/- (रु. पांच लाख उन्चालीस हजार चार सौ अड़तीस मात्र) | पीएच नंबर - 26, ख. नंबर - 722/2, वार्ड नंबर - 31, संजय नगर, खरगोन, मध्य प्रदेश - 451001 | **आरक्षित मूल्य:** रु. 85674/- (रु. पिच्यासी हजार छह सौ चौहत्तर मात्र) **ईएमडी:** रुपये 8567/- (रु. आठ हज़ार पाँच सौ सड़सठ मात्र) **ईएमडी जमा की अंतिम तिथि:** 08-03-2026 |

**नियम एवं शर्तें :-** 1. नीलामी बोली दस्तावेज़ में उल्लिखित नियमों एवं शर्तों तथा उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाएगी. बोलीदाता बोली संबंधी जानकारी एवं सहायता, ई-नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्ति का विवरण और ऑनलाइन जमा किए जाने वाले बोली प्रपत्र के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता, मेसर्स ARCA EMART PRIVATE LIMITED के वेब पोर्टल- https://www.auctionbazaar.com/ पर जा सकते हैं। इच्छुक खरीदार उसी पोर्टल पर नीलामी के नियम और शर्तें और प्रक्रिया देख सकते हैं और **प्रशान्त कुमार पांडेय- 8819922304, मनीष कुमार ओमप्रकाश यादव 7045567028, मुकेश धाकड़ 9372704710, योगेश राजेश मधौरिया- 9630866533, भूपेन्द्र खिंची- 9372704781, रोहित सिंह चौहान- 9575511158, रविन्द्र कुमार सोनी- 8976776758, शशिकांत चतुर्वेदी - 9372704712** से संपर्क कर सकते हैं. विवरण उपरोक्त वेब पोर्टल पर उपलब्ध है और उनके केंद्रीकृत हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते हैं- +91 83709 69696, ई-मेल आईडी- contact@auctionbazaar.com.

**एसडी/-**

**स्थान: मध्य प्रदेश**
**दिनांक: 16.2.2026**

अनुवाद में त्रुटियां/विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा.

**प्राधिकृत अधिकारी, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड**
**(पहले एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी)**